# वाटर शेड यात्रा के माध्यम से नागरिकों को किया जा रहा है जागरूक

*गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में रोकने के लिए वाटर शेड यात्रा के रूप में विशेष अभियान सीहोर जिले के ग्राम टांकपुरा एवं इमलीखेड़ा पहुंची वाटर शेड यात्रा*



सीहोर ( निप्र)। केन्द्र सरकार के भूमि संसाधन विभाग ने देश में 'वाटरशेड यात्रा' के रूप में विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत मिट्टी और जल संरक्षण के बारे में जन-जागरूकता के प्रसार के लिए मध्यप्रदेश में वाटरशेड यात्रा रायसेन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्रारंभ की गई है। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को बताया जा रहा है कि जल जीवन का आधार है, जल एवं जमीन से ही हमारी जिंदगी है। गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में रोकने के लिए वाटरशेड योजना बनाई गई है। इसी क्रम मे इस यात्रा ने आज सीहोर जिले में प्रवेश किया। इछावर जनपद के ग्राम टांकपुरा तथा सीहोर जनपद के ग्राम इमलीखेड़ा में वाटर शेड यात्रा निकली गई। इसके साथ ही सीहोर जनपद के ग्राम सालीखेड़ा एवं ग्राम सोहन खेड़ा मे भी वाटर शेड यात्रा निकाली जाएगी।

## चेक डैम, परकोलेशन टैंक, एनीकट और खेत तालाब का निर्माण

वाटरशेड विकास घटक योजना अंतर्गत कई प्रकार की संरचनाओं, जैसे चेक डैम, परकोलेशन टैंक, एनीकट और खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है, जो मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करने के साथ साथ जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, सतही जल की उपलब्धता और सतत कृषि को भी बढ़ावा देती हैं। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार के भूमि संसाधन विभाग ने देश में 'वाटरशेड यात्रा' के रूप में विशेष अभियान की शुरूआत की है। देशभर में वाटरशेड यात्रा 60-90 दिनों तक 26 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 800 परियोजना क्षेत्रों से निकलेगी। मध्य प्रदेश में वाटरशेड यात्रा 37 जिलों के 400 से ज्यादा गांवों से होकर गुजरेगी। वाटरशेड यात्रा के दौरान आम जनता में मृदा एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए नए कार्यो का भूमिपूजन, पूर्ण किए गए कार्यों का लोकार्पण, वाटेरशेड महोत्सव, वाटरशेड की पंचायत, उल्लेखनीय कार्य करने वाले मार्गदर्शकों का सम्मान, श्रमदान एवं भूमि और जल संरक्षण शपथ आदि गतिविधियां सम्मिलित हैं।

## पीएम आवास योजना के तहत हितग्राही सम्मेलन आयोजित

### आवास योजना के हितग्राहियों को किया गया जागरुक

सीहोर ( निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन कि निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य को जल्द पूरा करने के लिए क्लस्टर लेवल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रह है। ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा सके तथा आवासों का निर्माण समय सीमा में हो सके। सम्मेलन में मकान का नक्शा लेआउट सहित चरण दर चरण निर्माण की पूरी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में इछावर जनपद के ब्रिजिशनगर कलस्टर की ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इछावर ब्लॉक समन्वयक अरूण मुकाती ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीहोर जिले को 24,388 आवासों का नवीन लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य के तहत सीहोर जिले में नवाचार कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए जिले के प्रत्येक कलस्टर में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजित हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों एवं आमजनों को आवास योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रथम किस्त में प्लिंथ निर्माण के लिए 25,000 रूपये, दूसरी किस्त में दीवार चुनाई के लिए 40,000 रूपये, तीसरी किस्त में छत निर्माण के लिए 40,000 रूपये, चौथी किस्त में मनरेगा एवं मजदूरी भुगतान के लिए 35,000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है।

नारी सशक्तिकरण के लिए अनोखी पहल

# डी बी सी पी एल, निः शुल्क स्किल सेन्टर के साथ लड़कियों को बना रहा स्वावलंबी




सीहोर ( निप्र)। डी बी सी पी एल - सी एस आर प्रशासन के देख रेख में देवास भोपाल फोर लेन रोड प्रबन्धन द्वारा सी.एस.एस.आर. के अन्तर्गत नेशनल हेल्थ डेबलपमेंट, (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) एवं एन.एस.डी.सी. के पार्टनर पीपल ट्री फाउंडेशन संस्था द्वारा पेसेन्ट केयर टेकर (जनरल ड्युटी असिस्टेंट) एवं कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव स्किल की तीस दिन का प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन, नौकरी दिलवाने मे मदद के साथ पूरी रहन सहन, भोजन आदि निःशुल्क मुहैया करवाया जा रहा है। देवेन्द्र शर्मा एम.पी. राज्य प्रमुख पीपल ट्री ने बताया की लड़कियों के सुरक्षा, व प्रशिक्षण के लिहाज से शिक्षा के उचित इंतज़ाम के साथ प्रशिक्षण पिछले चार साल से शुरू किया गया है।

हमारे द्वारा बराबर जरूरत मंद परिवारों से मोबलाइजिंग का कार्य चल रहा है, तथा हिमांशु मो.न.8462919642, एवं महेंद्र मो.न.8962124494 पंचायतों के सम्पर्क मे है तथा अभी तक तकरीबन 2400 लड़कियों को प्रशिक्षण के साथ रोजगार से जोड़ा जा चुका है । सेन्टर मैनेजर हिमांशु पटेल ने बताया कि हमारे देख- रेख मे लड़कियो को इनडोर गेम खेलने की सुविधा के साथ सुचारू रूप से प्रशिक्षण का संचालन किया जाता है तथा 8 मार्च महिला दिवस पर लड़कियों के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रशिक्षण के इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त न. पर किसी भी समय सम्पर्क कर सकते है। हमारी संस्था डी बी सी पी एल - सी एस आर के माध्यम से देवास से बैरागढ़ तक के सभी प्रशिक्षण के इच्छुक उम्मीदवार को निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए बचनबद्ध है। इस मौके पर देवेंद्र शर्मा (जोनल हेड),हिमांशु पटेल,(सेंटर मैनेजर),अभय पटेल,(ट्रेनर),कल्पना भारती,(काउंसलर),अरुण वर्मा (प्लेसमेंट ऑफिसर) आदि उपस्थित थे।

# नपा की अनूठी पहल-हर घर में होगा प्रयागराज महाकुंभ गंगा जल का पानी सप्लाई

महाकुंभ का गंगा जल प्राप्त करना भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर 108 गंगा जल लाकर किया क्षेत्र के जलाशयों में समर्पित



सीहोर ( निप्र)। गंगा जल हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता है। इसे पवित्र और मोक्षदायी माना जाता है। महाकुंभ का गंगा जल प्राप्त करना भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। उक्त विचार गुरुवार को शहर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में नगर पालिका के द्वारा हर हर गंगे-हर घर गंगे अनूठी पहल अभियान का आगाज करते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। उन्होंने कहा कि 108 कलशों से गंगा का जल लेकर श्रद्धालु आए है। वहीं कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि नपा की पहल सार्थक है। प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हमारे क्षेत्र ही नहीं देश और विदेश के करोड़ों लोगों के साथ साधु-संतों ने आस्था के साथ स्नान किया है। नगर पालिका के द्वारा हर-हर गंगे-हर घर गंगे मां गंगे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस पहल पर स्थानीय रहवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने नपा के इस प्रयास के लिये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय रहवासियों और महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ पुष्पवर्षा की और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया। कोतवाली चौराहे पर विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विधायक सुदेश राय ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।गुरुवार की सुबह दस बजे शहर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रयाग राज से आने वाले कलशों को द्वारा पूर्ण विधि-विधान से बैंड बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के अलावा शहर के सभी साधु, संतों और विप्रजनों के द्वारा शहरवासियों की जीवनदायनी सीवन नदी के अलावा महाकुंभ के पानी को वाहनों के द्वारा काहरी डेम, जमोनिया जलाशय के अलावा भगवानपुरा जलाशय में आस्था के साथ समर्पित किया गया। इस निर्णय के आधार पर इस पुनित कार्य को किया गया। बड़ी संख्या में महाकुंभ से विशेष वाहनों से इन कलशों को लाया गया था, वहीं अब जलाशयों के अलावा हर वार्ड के बावडी अन्य जल स्त्रोतों में समर्पित किया जाएगा।इस संबंध में सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि महाकुंभ के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयाग से त्रिवेणी संगम के जल का कलश में आगमन हमारें नगर में किया गया है सिद्धपुर के राजा मनकामेश्वर मंदिर में त्रिवेणी जल (गंगा जल) से अभिषेक उपरांत पावन कलश (गंगा जल) का जल नगर के जल स्त्रोत सीवन नदी, जमोनिया जलाशय, काहरी डेम, भगवानपुरा जलाशय एवं नगर के मुख्य जल स्त्रोत में मानव कल्याण हेतु प्रवाह किया जाएगा।

# विद्युत बिल बकाया राशि की वसूली के लिए कलेक्टर ने दिये विभाग प्रमुखों को निर्देश

सीहोर (निप्र)। विद्युत उपभोक्ता विशेषकर घरेलु एवं कृषि उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल भुगतान में विलंब किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने बताया कि मेरे संज्ञान में लाया गया है कि विद्युत बिलों की बकाया राशि में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस प्रकार कंपनी की हानि न केवल बढ़ रही है अपितु कंपनी द्वारा विघुत उपलब्ध कराने एवं कंपनी को संचालन में भी अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी द्वारा बकाया राशि की वसूली के लिए कई उपाय यथा विद्युत कनेक्शन विच्छेदन, ड्युज रिकवरी एक्ट-1961 के तहत वसूली एवं शिविर लगाये गये जिनसे भी बहुत अधिक सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने गत दिवस इस आशय के निर्देश सभी कार्यालय प्रमुखों को दिये हैं कि वहा अपने कार्यालय एवं आवास के विद्युत बिलों की राशि समय-सीमा में जमा कराना सुनिश्चित करें। विघुत उपक्रमों का संचालन वित्तीय रूप से सहज होगा और उपभोक्ताओं को सतत् रूप से गुणवत्तापूर्ण विघुत प्रदाय भी किया जा सकेगा।

## पंजीयन कार्यालय 22 फरवरी को खुले रहेगें

सीहोर ( निप्र)। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने के लिये 22 फरवरी शनिवार को जिला पंजीयक एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय, पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिए खोले जाने के निर्देश दिये गये है।

जिला पंजीयक कीर्ति असाटी ने बताया कि यह जनसामान्य को पंजीयन कार्य में अधिक समय और सुविधा के लिये 22 फरवरी शनिवार को जिला पंजीयक एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय, खुले रहेगें। जनसामान्य इन आवकाश के दिनों में अपना पंजीयन कार्य करा सकते है।

## तीन दिवसीय विश्व सामाजिक न्याय दिवस महोत्सव का शुभारंभ

सीहोर ( निप्र)। राज्य आनंद संस्थान द्वारा आनंद से संबंधित अंतर्राष्ट्रयी विश्व दिवसों का आयोजन किया जाता है। गुरुवार को श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संकल्प वृद्धाश्रम के तत्वाधान में तीन दिवसीय विश्व सामाजिक न्याय दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां पर मौजूद वृद्धजनों के मध्य आनंद के पल बिताए। पहले दिन यहां पर संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में कैरम प्रतियोगिता और अंतक्षरी आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, विकास अग्रवाल, आकाश राय और कमलेश राय आदि शामिल थे।

## पुष्प वर्षा कर हिन्दु उत्सव समिति ने किया स्वागत

सीहोर ( निप्र)। सीहोर नगर में प्रयागराज महाकुम्भ से लाये गये गंगाजल को लेकर आज गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में 108 गंगाजल कलश को लेकर शहर के विभिन्न जलाशयों में समर्पित किया। इसके पूर्व नगर मनकामेश्वर मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शहर के संत समाज सहित नगर के विभिन्न गणमान्य नागरिक एवं हिन्दु उत्सव समिति के सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए। स्थानीय बड़ा बाजार चौराहे पर हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता के नेतृत्व में यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर एवं संत समाज सहित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया व कलश का पूजा अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, तुलसीराम सेन, एल.एल.सेन,हरिओम दाऊ, राजेन्द्र नागर, नितेश गुप्ता, पुरुषोत्तम मीणा, लोकेन्द्र वर्मा, मनीष गुप्ता, नरेन्द्र राजपूत, मुकेश यादव, दिलीप गांधी, जितेन्द्र चौरसिया आदि लोग सम्मिलित हुए।



# सरकारी नियंत्रण से मंदिरों की मुक्ति और सामाजिक समरसता देश के लिए आवश्यक-पराडे

**विश्व हिन्दू परिषद् मध्य भारत प्रांत द्वारा प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन**




सीहोर ( निप्र)। विश्व हिन्दू परिषद् मध्य भारत प्रांत द्वारा गुरूवार शाम वाटर पार्क में भविष्य का भारत और हमारी भूमिका विषय पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के द्वारा की गई। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा विशिष्ट अतिथि गृह के निर्माण के लिए राय परिवार के द्वारा 21 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। प्रबुद्धजन गोष्ठी में विधायक सुदेश राय और श्रीमति अरूणा राय भी उपस्थित रहे।

गोष्ठी का शुभारंभ श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्जवलित माल्यार्पण कर किया। केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा की हिन्दू समाज के सम्मुख चुनौतियाँ है, इन चुनोतियों से हिन्दू समाज को ही निपटना है संकट से टकराने और आवश्यकताओं को पूरा करने में समाज का सक्रिय योगदान आवश्यक है उन्होने कुटुंब पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। देश की एकता समसरता अखंडता के लिए नागरिकों के कर्तव्यों को उन्होने बताया। सामाजिक समरसता को लेकर कहा की ऐसा नहीं करना चाहिए की हिन्दू हिन्दू से ही दूर हो जाए हमें सब को साथ लेकर चलना है। बांग्लादेश में हिन्दू पर हो रहे अत्याचार को लेकर परांडे ने कहा की कटोगे तो बटोगें बांग्लादेश इसी कटने का परिणाम है। हिन्दू आलस में है सरकार के भरोशे है इस लिए हमारे रोजगार कोई और छीन रहा है जिस कारण हिंदूओं के लिये रोजगार नही बचा है। भारत में हिन्दू समाज कि सजगता ही देश को बंटने से बचा सकती है। मंदिरों के सरकारी नियंत्रण से मुक्ति हिन्दूओं के लिए जरूरी है तब ही हिन्दू समृद्ध होगा।प्रबुद्ध जन गोष्ठी विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा अखिलेश राय विधायक सुदेश राय श्रीमति अरूणा राय सहित अन्य परिजनों का गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत अध्यक्ष किशनलाल शर्मा, प्रांत मंत्री राजेश जैन क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेन्द्र सिंह पंवार, प्रांत संगठन मंत्री सुनील शर्मा एवं शहर के समाजसेवी, उद्योगपति, व्यापारी, अभिभाषक, चिकित्सक, प्राध्यापक, जन प्रतिनिधि, पूर्व अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के संचालकों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद् मध्य भारत प्रांत द्वारा भविष्य का भारत और हमारी भूमिका विषय पर प्रबुद्धजन गोष्ठी का हुआ आयोजन

सीहोर ( निप्र)। विश्व हिन्दू परिषद् मध्य भारत प्रांत द्वारा सीहोर में भविष्य का भारत और हमारी भूमिका विषय पर आयोजित प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन स्थानीय क्रीसेंट वाटर पार्क में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय संगठन महामंत्री माननीय मिलिंद परांडे जी ने संबोधित करते हुवे बताया कि हिन्दू समाज के सम्मुख चुनौतियाँ, संकट एवं आवश्यकताओं के बारे चिंतन व समाज का सक्रिय योगदान आवश्यक है। कुटुंब प्रबोधन , नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, बांग्लादेश में हिन्दू पर अत्याचार- हिंदूओं के लिये रोजगार, भारत में हिन्दू समाज कि सजगता, मंदिरों के सरकारी नियंत्रण से मुक्ति, देरी से विवाह करने के परिणाम जैसे अनेक विषयों पर विचार रखे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा श्री रामलला मंदिर के निकट विशिष्ट अतिथि गृह के निर्माण में सीहोर के प्रसिद्ध समाजसेवी अखिलेश राय द्वारा 21 लाख रुपए का सहयोग प्रदान करने पर विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा अखिलेश राय का परिजनों सहित गमछा पहनाकर सम्मान किया गया।

## महाशिवरात्रि पर अरोरा परिवार द्वारा किया जायेगा 21 क्रींटल साबूदाने की खिचड़ी व छाछ का वितरण

सीहोर। विश्वास और आस्था का पर्व महाशिवरात्रि पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिद्धपुर नगर प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अरोरा परिवार मंदिर में प्राचीन शिव परिवार प्रतिमा की विधिवत पूजन अर्चन का जनमानस के लिये सुख सकृद्धि की कामना कर आशीर्वाद प्राप्त कर अरोरा परिवार के द्वारा मंदिर परिसर में प्रात: 11 बजे फल अहारी का वितरण आने वाले शिव भक्त एवं श्रद्धालुओं को किया जावेगा। जिसमें 21 क्वींटल साबूदाने एवं 8 क्वींटल छाछ का वितरण किया जावेगा। महाशिवरा रत्रि के इस पावन प्रसादी ग्रहण के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता जसपाल अरोरा एवं पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती अमीता अरोरा ने सभी धर्मप्रेमियों से प्रसादी ग्रहण करने का अव्हान किया है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/560/खनिज/2025, सीहोर, दिनॉक- 14/02/2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक वसीम खान आ. सलीम खान निवासी वार्ड 13 फाईम किराना स्टोर के पास सर्वधरा कालोनी भैरूदा तह. भैरूदा जिला सीहोर के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन क्रमांक **35539** दिनांक **14.01.2025** को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | भैरूदा | सेमलपानी कदीम | 417 | 11.1780 हे. | शासकीय भूमि | मुरूम | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 3.000 हेक्टयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 11.1780 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/23265/24

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com